प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 13.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

- पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त आज जारी की जायेगी–9 करोड़ 32 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18 हजार 640 करोड़ रूपये से अधिक की राशि डीबीटी होगी।

- खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा–प्रदेश में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक–घरेलु उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं।

- नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में नई तकनीकों, दवाईयों और शल्य चिकित्सा पद्धतियों को सरकारी अस्पतालों में अपनाने के लिए राज्य सरकार हर संभव सहयोग करेगी।

- प्रदेश में कल से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार–कई स्थानों पर अंधड और बारिश की संभावना।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त आज जारी की जायेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज असम में गुवाहाटी से ये राशि जारी करेंगे। देश के 9 करोड़ 32 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18 हजार 640 करोड़ रूपये से अधिक की सम्मान राशि सीधे हस्तान्तरित की जायेगी। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि योजना के तहत किसानों को अब तक 4 लाख 9 हजार करोड़ से ज्यादा की सम्मान राशि डीबीटी की जा चुकी है।

प्रदेश में पीएम किसान उत्सव दिवस के अवसर पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम जयपुर में रखा गया है। ये कार्यक्रम दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में होगा। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि इसमें राज्य के 66 लाख 76 हजार से अधिक किसानों को 1 हजार 335 करोड़ रूपये से अधिक की राशि उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जायेगी। उन्होंने बताया कि सभी जिलों में पीएम किसान उत्सव मनाया जायेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी उथल–पुथल के बावजूद भारत वैश्विक स्तर पर एक प्रतिष्ठित और भरोसेमंद राष्ट्र बना हुआ है। नई दिल्ली में कल एनएक्सटी सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि क्षेत्र में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद देश स्थिर और मजबूत है। उन्होंने कहा कि सरकार आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न बाधाओं से निपटने के लिए स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि तेल उत्पादन को बढ़ावा देने, ऊर्जा तक पहुंच बढ़ाने और इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं।
श्री मोदी ने बताया कि पिछले एक दशक में देश में एलपीजी बोटलिंग क्षमता दोगुनी हो गई है। देश ने 50 लाख टन से अधिक की रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार क्षमता स्थापित कर ली है और इसे और बढ़ाने का काम जारी है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में बाधा आने के मुद्दे पर कल लोकसभा में सरकार के कदमों के बारे में बयान दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में कच्चे तेल की स्थिति मजबूत है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस की घरेलू आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित है और गैस सिलेंडरों की बुकिंग से डिलिवरी की तय सीमा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह ढाई दिन बनी हुई है। इधर प्रदेश में खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने घरेलु गैस आपूर्ति पर कल जयपुर में प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। घरेलु उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है।

प्रदेशभर में खाद्य विभाग की सतर्कता टीमें गैस सिलेण्डरों के अवैध भण्डारण, रिफलिंग और कालाबाजारी पर कडी नजर रखे हुए है। इसी कड़ी में हनुमानगढ़ में दो व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही कर 14 सिलेण्डर जब्त किये गये। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि इन प्रतिष्ठानों में घरेलु गैस सिलेण्डरों का अवैध उपयोग किया जा रहा था। वहीं सवाईमाधोपुर जिला कलेक्टर कानाराम ने कल विभिन्न गैस एजेन्सियों और गौदामों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025–26 की समाप्ति को देखते हुए सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश निरस्त कर दिये है। मुख्य सचिव वी श्रीनिवास की ओर से जारी आदेशों के अनुसार कार्यालयों में समयबद्ध और सुचारू निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए ये निर्णय लिया गया है। इस दौरान किसी प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम भी स्वीकृत नहीं किये जायेंगे।

जयपुर में कल से ऑल इंडिया ऑप्थल्मोलॉजिकल सोसाइटी ।प्ब की वार्षिक कॉन्फ्रेंस की शुरूआत हुई। सीतापुरा स्थित जेईसीसी में हो रही एआईओसी के उद्घाटन सत्र को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस कॉन्फ्रेंस से नेत्र चिकित्सकों को नई तकनीकों और नवाचारों पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा। श्री शर्मा ने कहा कि नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र की नई तकनीकों, दवाइयों और शल्य चिकित्सा पद्धतियों को प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में अपनाने के लिए सरकार हर संभव सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कई लोग दृष्टिहीनता और दृष्टि दोष से प्रभावित हैं, जिनमें बड़ी संख्या ग्रामीण और गरीब वर्ग की है। उन्होंने कहा कि तकनीकी नवाचार, जन जागरूकता और इच्छाशक्ति से अंधता का उन्मूलन किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर डॉ. तारा प्रसाद दास और डॉ. एस नटराजन को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया।

वर्ष 2026 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत कल लगाई जायेगी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से प्रदेश के सभी न्यायिक और राजस्व न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इनमें न्यायालयों में लंबित विभिन्न प्रकरणों का आपसी सहमति से निपटारा किया जायेगा। इनमें बैंक, वित्तीय संस्थानों, दुर्घटना क्लेम और बिजली विभाग संबंधी राजीनामे योग्य लंबित प्रकरणों का सुलह से निपटारा किया जायेगा।

प्रदेश में कल से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार है। मौसम विभाग ने इसके असर से कई स्थानों पर अंधड और बारिश की संभावना जताई है।

विभाग के अनुसार प्रदेश में लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहे है। इसके असर से अजमेर, जयपुर और भरतपुर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं गरज के साथ आंधी और बारिश के आसार है। इस बीच कई स्थानों पर कल बादल छाये रहे और मध्यम हवायें चली। हनुमानगढ़ जिले के विभिन्न हिस्सों में भी ठण्डी हवाओं का दौर बना हुआ है। इस बीच कल भीलवाडा, चित्तौडगढ, बाडमेर, जैसलमेर, पाली, जोधपुर, बीकानेर सहित 12 शहरों में दिन का तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। 39 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कोटा सबसे गर्म रहा। मौसम विभाग ने 19 से 21 मार्च के बीच भी एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना जताई है जिससे कुछ स्थानों पर मौसम फिर से प्रभावित हो सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 मार्च को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 27 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे।